# कार्यालय उप प्रबंध संचालक
## जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, बीजापुर (छ.ग.)

दूरभाष-07853-220267 फैक्स-07853-220236, ई-मेल - mdju_bijapur@yahoo.com


क्रमांक/जि0यू0/ते.प./ 17 बीजापुर, दिनांक 22./08../2023

प्रति,

**प्रबंध संचालक**
**जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित बीजापुर**
**जिला - बीजापुर (छ.ग.)**

विषय :- **तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2022 में ठेकेदार सुधीर कुमार मानेक द्वारा कराये गये तेंदूपत्ता ढुलाई एवं तोड़ाई कार्य का राशि भुगतान नही किये जाने के संबंध में ।**

संदर्भ :- आपका कार्यालयीन पत्र क्रमांक/जि.यू./ते.प./2023/1888/बीजापुर,दिनांक-27.07.2023

00000

उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से तेंदूपत्ता सीजन 2022 में प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति भैरमगढ़ के लॉट क्रमांक 64ब में अग्रिम नियुक्त केता श्री सुधीर कुमार मानेक, राजनादगांव द्वारा तेंदूपत्ता ढुलाई एवं तोड़ाई कार्य का भुगतान नही करने के संबंध में शिकायत जांच हेतु प्राप्त हुई हैं ।

शिकायत की जांच हेतु संबंधित शिकायतकत्ताओं का दिनांक 06.08.2023 को भैरमगढ़ मुख्यालय में बयान दर्ज किया गया जो निम्नानुसार हैं :-

**(1)श्री सुकलू राम फरसा पिता श्री हिरिया, निवासी आदवाड़ा का बयान हैं, कि -**

सीजन 2022 में मैंने आदवाड़ा गांव में 3000 गड्डी तेदूपत्ता बेचा था । केता श्री सुधीर कुमार मानेक हमारे गांव आदवाड़ा आये थे और गांव में बैंठक किये थे । बैंठक में समस्त पुरूष एवं महिला उपस्थित थे । बैंठक के दौरान तेंदूपत्ता खरीदी का दर एवं ग्रामवासियों की सहमति से मुंशी की नियुक्ति केता के द्वारा की गई । केता द्वारा मनीष वेको को मुंशी बनाया गया । हमे ज्ञात हैं कि सेन्चुरी क्षेत्र में कोई शासकीय- फड़ नही हैं एवं सेन्चुरी क्षेत्र में पत्ता तोड़ना प्रतिबंधित हैं । हमने ठेकेदार के कहने पर तेंदूपत्ता तोड़ाई कर विक्रय किया हैं । संग्रहण का भुगतान ठेकेदार को करना था । ठेकेदार द्वारा मुझे संग्रहण का पूर्ण भुगतान कर दिया गया हैं । आदवाड़ा गांव में संग्रहण का पूर्ण भुगतान हो गया हैं, किन्तु आस-पास के गांवों में संग्रहण का पूर्ण भुगतान नही हुआ हैं । मुंशी नियुक्ति, तेंदूपत्ता खरीदी के दौरान समिति प्रबंधक, नोडल अधिकारी कोई शामिल नही थे । केता के कहने पर ही हमने तेंदूपत्ता तोड़ाई किया हैं । अतः शेष गांवों में संग्राहकों को बचा हुआ राशि दिलाने का कष्ट करें ।

**(2)श्री बोज्जूराम वेंजाम पिता स्व. मासो, निवासी टिण्डोडी का बयान हैं, कि -**

तेंदूपत्ता सीजन 2022 में मैने फड़ टिण्डोड़ी में केता श्री सुधीर कुमार मानेक का तेंदूपत्ता बोरा 461 नग परिवहन किया था । केता द्वारा रू. 180.00 प्रति मानक बोरा का दर तय किया गया था । मेरे द्वारा परिवहन किये गए 461 वास्तविक बोरा का कुल रू. 83,000.00 भुगतान

सत्यापित प्रति

Managing Director
Minor Forest Produce Co-operative Sahakari Sangh Mydt.
Bijapur (C.G.)

जिला वनोपज सहकारी ... क्रमांक 1170 दिनांक 22/08/23

उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

होता हैं । श्री सुधीर कुमार मानेक द्वारा मुझे चेंक रू. 83,000.00 का चेक दिया गया था । मैं तीन-चार बार बैंक जाकर चेक की राशि प्राप्त करने प्रयास किया । किन्तु संबंधित के खाता में राशि नही हो के कारण आज दिनांक तक चेक का नगदीकरण नही हो पाया । अंत में मैने थाना भैरमगढ़ में केता के विरूद्ध कार्यवाही करने आवेदन प्रस्तुत किया हैं । केता के साथ तेंदूपत्ता बोरा परिवहन का दर तय किया गया था जिससे सहमत होकर मैंने परिवहन किया हैं । मुझे ज्ञात हैं, कि परिवहन की राशि ठेकेदार ही भुगतान करेगा । कृपया परिवहन की राशि रू. 83,000.00 का भुगतान दिलाने का कष्ट करें ।

**(3)श्री भोंगडू मण्डावी पिता स्व. पायको, निवासी टिण्डोडी का बयान हैं, कि-**

सीजन 2022 में ग्राम टिण्डोडी में ठेकेदार एवं ग्रामवासियों द्वारा ग्राम टिण्डोडी में तेंदूपत्ता खरीदी करने का निर्णय लिया गया । ग्रामीणों द्वारा इस कार्य हेतु मुंशी भी नियुक्त किया गया । मुझे ज्ञात हैं, कि ग्राम टिण्डोडी में शासकीय फड़ नही हैं तथा सेन्चुरी क्षेत्र में पत्ता तोड़ाई प्रतिबंधित हैं । ग्रामवासियों के निर्णय अनुसार अन्य ग्रामीण पत्ता संग्रहण कर रहे थे । अतः मैंने भी 2500 गड्डी संग्रहण कर मुंशी को दिया था । जिसका पारिश्रमिक रू. 10,000.00 होता हैं, किन्तु ठेकेदार द्वारा आज तक रू. 10,000.00 का भुगतान नही किया गया हैं । मैंने सोना फरसा से भुगतान हेतु चर्चा किया । खाता में पैसा आने दूंगा सोना फरसा ने कहा । ठेकेदार पहले थोड़ा-थोड़ा पैसा डालता था, किन्तु रैली-धरना होने के बाद ठेकेदार सोना फरसा के खाता में पैसा डालना बंद कर दिया । कृपया भुगतान दिलाने का कष्ट करें ।

**(4)श्री जगरा मण्डावी पिता स्व. गुड्डी मण्डावी, निवासी आदवाड़ा का बयान हैं, कि -**

सीजन 2022 में ठेकेदार सुधीर कुमार मानेक द्वारा 1,65,810.00 गड्डी का संग्रहण ग्राम आदवाड़ा में किया गया था । जिसका भुगतान सोना फरसा से लेकर मेरे द्वारा पूर्ण भुगतान किया गया हैं ।

**(5)श्री मनीष कुमार कुंजाम पिता श्री पगनू कुमाऊ, निवासी डालेर का बयान हैं, कि -**

मुझे ठेकेदार एवं ग्रामवासियों द्वारा सीजन 2022 में ग्राम डालेर में तेंदूपत्ता का वाचर बनाया था । मैं ठेकेदार श्री सुधीर कुमार मानेक के दिशा निर्देश में तेंदूपत्ता का वाचर का कार्य किया हूं । मुझे ज्ञात है, कि सेन्चुरी क्षेत्र में कोई फड़ नही हैं । और तेंदूपत्ता तोड़ाई प्रतिबंधित हैं । ठेकेदार ने सोना फरसा को तेंदूपत्ता खरीदी कराने का निगरानी में रखा था ।

कृपया मुझे तेंदूपत्ता वाचर का भुगतान दिलाने का कष्ट करें ।

**(6)श्री महेश पेगर पिता श्री अर्जुन पेगर, निवासी झारामोगिया का बयान हैं, कि -**

ग्रामवासी ग्राम झारामोगिया द्वारा मुझे सीजन 2022 में ग्राम झारामोगिया में तेंदूपत्ता खरीदी करने मुंशी बनाया गया था । समिति द्वारा मुझे नियुक्त नही किया गया हैं । मुझे ज्ञात हैं, कि सेन्चुरी क्षेत्र में कोई फड़ नही होता हैं । मैने ठेकेदार एवं ग्रामवासियों के दिशा निर्देश पर तेंदूपत्ता खरीदी किया हैं । मुझे यह भी ज्ञात था कि संग्रहण पारिश्रमिक का भुगतान ठेकेदार द्वारा ही किया जावेंगा । ठेकेदार एवं ग्रामीणों द्वारा बैठक कर खरीदी दर एवं अन्य कार्यो हेतु दर तय किया गया था । मैंने कुल 286 ग्रामीणों से 2,82,400.00 गड्डी तेंदूपत्ता खरीदा था । जिसका राशि रू. 11,29,600.00 होता हैं ठेकेदार द्वारा अब तक कुल रू. 1,50,000.00 का भुगतान किया गया हैं ।

सत्यापित प्रति

उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

अभी भी रू. 9,79,600.00 का भुगतान शेष हैं । ठेकेदार द्वारा श्री सोना फरसा, ग्राम आदवाड़ा को सेन्चुरी क्षेत्र के ग्रामों में तेंदूपत्ता खरीदी एवं अन्य कार्यों के निगरानी हेतु रखा गया था । पैसों का भुगतान भी श्री सोना फरसा करते थे । अतः मैंने एक-दो बार सोना फरसा से भुगतान हेतु गया था । किन्तु उन्होंने होगा तो दूंगा कहकर राशि नही दिया । ग्रामीणों का अभी भी रू. 9,79,600.00 का भुगतान शेष हैं । कृपया भुगतान दिलाने का कष्ट करें ।

**(7)श्री तुलसीराम मण्डावी पिता श्री सन्नू मण्डावी, निवासी डालेर का बयान हैं, कि -**

मुझे ग्रामवासियों द्वारा तेंदूपत्ता सीजन 2022 हेतु ग्राम डालेर में तेंदूपत्ता खरीदी करने मुंशी बनाया गया था । मै ठेकेदार श्री सुधीर कुमार मानेक एवं ग्रामवासियों के दिशा निर्देश पर तेंदूपत्ता खरीदी का कार्य किया हूँ । मुझे समिति द्वारा नियुक्त नही किया गया था । मुझे ज्ञात हैं, कि सेन्चुरी क्षेत्र में कोई फड़ नही हैं । मैंने 108 ग्रामीणों से 192900 गड्डी तेंदूपत्ता खरीदा था । जिसका संग्रहण पारिश्रमिक रू. 7,71,600.00 होता हैं ठेकेदार द्वारा मात्र रू. 71,600.00 का ही भुगतान किया गया हैं । अभी भी रू. 7,00,000.00 का भुगतान शेष हैं । डालेर गांव में ठेकेदार द्वारा उल्टाई-पल्टाई एवं अन्य व्यय का रू. 84,325.00 का भुगतान भी नही किया गया हैं । इस प्रकार ठेकेदार से कुल रू. 7,84,325.00 का भुगतान लेना शेष हैं । ठेकेदार सुधीर कुमार मानेक द्वारा सेन्चुरी क्षेत्र के समस्त गांवों में तेंदूपत्ता खरीदी कार्य की निगरानी हेतु श्री सोना फरसा, ग्राम आदवाड़ा को रखा गया था । अतः मैंने सोना फरसा से संपर्क कर भुगतान प्राप्त करने का प्रयास किया । ठेकेदार सोना फरसा को ही पैसा ट्रासफर करता था । किन्तु भुगतान हेतु कोई राशि प्राप्त नही हुई ।कृपया ग्राम डालेर का शेष भुगतान रू. 7,84,325.00 दिलाने का कष्ट करें ।

**(8)श्री संतोष पोयाम पिता स्व. कुमा राम पोयाम, निवासी बिरियाभूमि का बयान हैं, कि -**

सीजन 2022 में ग्रामवासियों द्वारा ग्राम बिरियाभूमि में तेंदूपत्ता खरीदी कार्य हेतु मुझे मुंशी नियुक्त किया गया था । मैं ठेकेदार एवं ग्रामवासियों के दिशा निर्देश पर तेंदूपत्ता खरीदी कार्य किया हूँ । समिति द्वारा मुझे नियुक्त नही किया गया हैं । मुझे ज्ञात हैं कि सेन्चुरी क्षेत्र में कोई तेंदूपत्ता फड़ नही हैं । ठेकेदार एवं ग्रामवासी स्वयं निर्णय लेकर तेंदूपत्ता खरीदी कराये हैं । तेंदूपत्ता का खरीदी दर एवं अन्य कार्यों का दर ठेकेदार एवं ग्रामवासी बैंठक करके तय किये हैं । मैंने 130 ग्रामीणों से 1,22,120 गड्डी खरीदी किया था जिसका पारिश्रमिक रू. 4,88,480.00 होता हैं । रू. 4,00,000.00 का भुगतान शेष हैं । ठेकेदार द्वारा श्री सोना फरसा, आदवाड़ा निवासी को समस्त सेन्चुरी क्षेत्र मे तेंदूपत्ता खरीदी निगरानी हेतु रखा गया था । श्री सोना फरसा ही संग्रहण पारिश्रमिक एवं अन्य भुगतान करता था । मैंने शेष भुगतान हेतु श्री सोन फरसा से कई बार सम्पर्क किया किन्तु भुगतान हेतु राशि प्राप्त नही हुई । सोना फरसा के अनुसार ठेकेदार ने राशि उपलब्ध नही कराई हैं । कृपया भुगतान दिलाने का कष्ट करें ।

**(9)श्री रिंकू बेंजाम पिता श्री पाण्डू बेंजाम निवासी टिण्डोडी का बयान हैं, कि -**

मुझे ठेकेदार एवं ग्रामवासियों द्वारा सीजन 2022 में ग्राम टिण्डोंड़ी में तेंदूपत्ता खरीदी करने मुंशी बनाया गया था । मैं ठेकेदार श्री सुधीर कुमार मानेक के दिशा निर्देश में तेंदूपत्ता खरीदी का कार्य किया हूँ । समिति की ओर से मुझे नियुक्त नही किया गया था । मुझे ज्ञात हैं, कि सेन्चुरी क्षेत्र में कोई फड़ नही हैं और पत्ता तोड़ाई प्रतिबंधित हैं । मैंने टिण्डोडी ग्राम में 151 ग्रामीणों से 323430 गड्डी पत्ता खरीदा था । जिसका संग्रहण पारिश्रमिक रू. 12,93,720.00 होता

सत्यापित प्रति

उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या. बीजापुर (छ.ग.)

हैं । ठेकेदार द्वारा रू. 93,720.00 का भुगतान किया गया हैं । अब तक रू. 12,00,000.00 का भुगतान शेष हैं । मैंने ठेकेदार से कई बार सम्पर्क करने प्रयास किया किन्तु उन्होंने मेरा नम्बर ब्लाक कर दिया ।कृपया संग्राहकों को भुगतान दिलाने का कष्ट करें ।

**(10)श्री बुधराम पोयाम पिता श्री दोबा निवासी डालेर का बयान हैं, कि -**

मैंने ग्राम डालेर में तेंदूपत्ता सीजन 2022 में 4000 तेंदूपत्ता गड्डी बेचा था । जिसकी राशि रू. 16,000.00 होता हैं । मुझे आज दिनांक तक मजदूरी की राशि अप्राप्त हैं । मुझे ज्ञात हैं, कि सेन्चुरी क्षेत्र में कोई सरकारी फड़ नही होता हैं । ठेकेदार एवं ग्रामीणों के कहने पर मैंने पत्ता बेचा हैं । कृपया भुगतान दिलाने का कष्ट करें ।

**(11)श्री सुनील कुमार गावडे पिता श्री बुधराम गावडे निवासी दारमेर का बयान हैं, कि-**

मुझे ठेकेदार एवं ग्रामवासियों द्वारा सीजन 2022 में ग्राम दारमेर में तेंदूपत्ता खरीदी करने मुंशी बनाया गया था । मैं ठेकेदार श्री सुधीर कुमार मानेक के दिशा निर्देश में तेंदूपत्ता खरीदी का कार्य किया हूँ समिति की ओर से मुझे नियुक्त नही किया गया था । मुझे ज्ञात हैं, कि सेन्चुरी क्षेत्र में कोई फड़ नही हैं और पत्ता तोड़ाई प्रतिबंधित हैं । मैंने दारमेर ग्राम में 45 ग्रामीणों से 97790 गड्डी पत्ता खरीदा था जिसका संग्रहण पारिश्रमिक रू. 391160.00 होता हैं ठेकेदार द्वारा रू. 91160.00 का भुगतान किया गया अब तक रू. 3,00,000.00 का भुगतान शेष हैं मैंने ठेकेदार से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया किन्तु उन्होंने मेरा नम्बर ब्लाक कर दिया ।कृपया संग्राहकों को भुगतान दिलाने का कष्ट करें ।

**(12)श्री अनिल कुमार वेको पिता स्व. पायकू निवासी डालेर का बयान हैं, कि -**

तेंदूपत्ता सीजन 2022 में मैंने ग्राम डालेर में तेंदूपत्ता ठेकेदार श्री सुधीर कुमार मानेक का तेंदूपत्ता बोरा 208 नग परिवहन किया था । ठेकेदार सुधीर मानेक द्वारा रू. 350.00 प्रति मानक बोरा का दर तय किया गया था । मेरे द्वारा ढुलाई किये गये 208 बोरा का कुल रू. 72800.00 भुगतान होता हैं । श्री सुधीर कुमार मानेक द्वारा मुझे तेंदूपत्ता परिवहन की पर्ची दिया गया हैं । मैंने केता के साथ तेंदूपत्ता बोरा परिवहन का दर तय किया गया था जिससे सहमत होकर मैंने परिवहन किया हैं । मुझे ज्ञात हैं, कि परिवहन की राशि सुधीर कुमार मानेक ठेकेदार ही भुगतान करेगा ।कृपया परिवहन की राशि रू. 72800.00 भुगतान होता हैं । दिलाने का कष्ट करें ।

**(13)श्री मुन्नुलाल पिता स्व. बुगुर लेकाम, निवासी ओड़सा का बयान हैं, कि -**

तेंदूपत्ता सीजन 2022 में मैंने ग्राम टिण्डोडी में केता श्री सुधीर कुमार मानेक का तेंदूपत्ता बोरा 291नग परिवहन किया था । मेरे द्वारा परिवहन किए गए 291 वास्तविक बोरों का कुल रू.52380.00 भुगतान होता हैं । श्री सुधीर कुमार मानेक द्वारा मुझे चेक क्रं. 742146 दिनांक 30.06.2022 रू. 52,380.00 का चेक दिया गया था । मैं तीन-चार बार बैंक जाकर चेक की राशि प्राप्त करने प्रयास किया । किन्तु संबंधित के खाता में राशि नही होने के कारण आज दिनांक तक चेक का नगदीकरण नही हो पाया । अंत में मैंने थाना भैरमगढ़ में केता के विरूद्व कार्यवाही करने आवेदन प्रस्तुत किया हैं । केता के साथ तेंदूपत्ता बोरा परिवहन का दर तय किया गया था जिससे सहमत होकर मैंने परिवहन किया हैं । मुझे ज्ञात हैं, कि परिवहन की राशि ठेकेदार ही भुगतान करेगा । कृपया परिवहन की राशि रू. 52380.00 का भुगतान दिलाने का कष्ट करें ।

सत्यापित-प्रति

Bagde

उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

148.

**(14)श्री बलदेव उरसा पिता स्व. सोमाराम उरसा, निवासी संजयपारा का बयान हैं, कि -**

ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त हुई कि उन्हें सीजन 2022 का तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक एवं ट्रेक्टर मालिकों को परिवहन का भुगतान ठेकेदार श्री सुधीर मानेक द्वारा अब तक नही किया गया हैं ।

मैं पूर्व जनपद सदस्य हूँ । अतः ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने उनके साथ आवेदन प्रस्तुत किया हूँ ।

अतः आपसे अनुरोध हैं, कि आवेदन का निराकरण कर ग्रामीणों को शेष संग्रहण पारिश्रमिक एवं ट्रेक्टर परिवहन की राशि दिलाने की कार्यवाही करें ।

**(15)श्री चिन्ना तेलम पिता स्व. गुटटा, निवासी भैरमगढ़ का बयान हैं, कि -**

मैं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्त्ता हूँ एवं मंडल अध्यक्ष ब्लाक भैरमगढ़ के पद पर हूँ । ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान मुझे जानकारी मिली कि सीजन 2022 के कुछ संग्राहकों को तथा ट्रेक्टर मालिकों को ठेकेदार द्वारा संग्रहण पारिश्रमिक एवं परिवहन की राशि भुगतान नही किया गया हैं । जन प्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्रीय ग्रामीणों को भुगतान प्राप्त हो अतः मैं इनके साथ आवेदन प्रस्तुत किया हूँ ।संग्राहकों को भुगतान प्राप्त हो इस हेतु कार्यवाही करने अनुरोध हैं ।

**(16)श्री हेमलाल यादव पिता बीरसिंग, निवासी आदवाड़ा का बयान हैं, कि-**

तेंदूपत्ता सीजन 2022 जिसके केता सुधीर कुमार मानेक हैं । उनके साथ बैंठकर अलग-अलग ग्रामों से तेंदूपत्ता बोरा परिवहन के लिये दर तय किये थे । जिसमें तेंदूपत्ता बोरा परिवहन करने वाले सभी ट्रैक्टर मालिक उपस्थित थे । मैंने अपने ट्रैक्टर से निचे दर्शाये अनुसार तेंदूपत्ता बोरा अलग-अलग ग्रामों से परिवहन किया हैं ।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंगूम | - | 22 बोरा | @ | 411 | = 9042.00 |
| 2. | इदेर | - | 208 बोरा | @ | 411 | = 85488.00 |
| 3. | जारामोंगिया | - | 153 बोरा | @ | 411 | = 62883.00 |
| 4. | आदवाड़ा | - | 193 बोरा | @ | 411 | = 79323.00 |
| | कुल राशि | | | | | = 236736.00 |
| | ठेकेदार द्वारा भुगतान राशि | | | | | = 105000.00 |
| | भुगतान शेष | | | | | = 131736.00 |

ठेकेदार द्वारा बोरा परिवहन करने के ऐवज में रूपये 2,00,000.00 का चेक हमें दिया गया था । बैंक में जाने पर ठेकेदार के खाता में राशि नही होने के कारण चेक का नगदीकरण नही हो पाया एवं चेक बाउन्स हो गया । केता के द्वारा रू. 1,31,736.00 का भुगतान शेष हैं । मुझे यह स्पष्ट हैं, कि यह हमारे और तेंदूपत्ता ठेकेदार के बीच का मामला हैं एवं परिवहन की राशि हमें केता से ही लेना हैं । इसके पूर्व भी ठेकेदारों द्वारा हमें परिवहन की राशि समय पर भुगतान की जाती थी ऐसी समस्या पहले कभी नही हुई ।

**(17)श्री सुखनाथ नेगी पिता बोडडाराम नेगी, निवासी गुड़साकल का बयान हैं, कि-**

तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2022 में जिसके केता सुधीर कुमार मानेक हैं, ठेकेदार द्वारा बोरा परिवहन कराया गया हैं बोरा परिवहन के लिये उनके साथ बैंठकर बोरा परिवहन के लिये दर तय

सत्यापित प्रति

उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

किये थे जिसमें बोरा परिवहन करने वाले सभी ट्रैक्टर मालिक उपस्थित थे । मैंने अपने ट्रैक्टर से नीचे दर्शाये अनुसार तेंदूपत्ता बोरा अलग-अलग ग्रामों से परिवहन किया हैं ।

1. डारमेर - 191 बोरा @ 350 = 66850.00
2. बिरियाभूमि - 303 बोरा @ 350 = 106050.00
3. डालेर - 105 बोरा @ 350 = 36750.00

कुल राशि = 209650.00

ठेकेदार द्वारा बोरा परिवहन करने के ऐवज में रूपये 2,09,650.00 का चेक हमें दिया गया था । बैंक में जाने पर ठेकेदार के खाता में राशि नही हेने के कारण चेक का नगदीकरण नही हो पाया एवं चेक बाउन्स हो गया । हमें यह स्पष्ट हैं, कि यह हमारे और तेंदूपत्ता ठेकेदार के बीच का मामला हैं एवं परिवहन के राशि हमें केता से ही लेना हैं । ऐसी समस्या पहले कभी नही हुई ।

**(18)श्री बुधराम फरसा पिता धोबा, निवासी हिंगूम का बयान हैं, कि-**

मुझे ग्रामवासियों द्वारा तेंदूपत्ता सीजन 2022 हेतु ग्राम हिंगूम में तेंदूपत्ता खरीदी हेतु मुंशी बनाया गया था । मैं ठेकेदार श्री सुधीर कुमार मानेक एवं ग्रामवासियों के दिशानिर्देश पर तेंदूपत्ता खरीदी का कार्य किया हूँ । मुझे समिति द्वारा नियुक्त नही किया गया था । मुझे ज्ञात हैं, कि सेन्चुरी क्षेत्र में कोई फड़ नही हैं ।मैंने ग्रामीणों से 172260 गड्डी तेंदूपत्ता खरीदी किया था । जिसका पारिश्रमिक रू. 689040.00 होता हैं । ठेकेदार द्वारा मात्रा 89040.00 का ही भुगतान किया गया हैं । अभी भी रू. 6,00,000.00 का भुगतान शेष हैं ठेकेदार द्वारा श्री सोना फरसा, ग्राम आदवाड़ा को सेन्चुरी क्षेत्र के ग्रामों में तेंदूपत्ता खरीदी एवं अन्य कार्यो के निगरानी हेतु रखा गया था । पैसो का भुगतान भी सोना फरसा करते थे । अतः मैंने एक-दो बार सोना फरसा से कहा गया था । ग्रामीणों का अभी भी रू. 6,00,000.00 का भुगतान शेष हैं । कृपया भुगतान दिलाने का कष्ट करें ।

**(19)श्री सुकलूराम फरसा पिता डोगा, निवासी इदेर का बयान हैं, कि-**

मुझे ग्रामवासियों द्वारा तेंदूपत्ता सीजन 2022 हेतु ग्राम इदेर में तेंदूपत्ता खरीदी हेतु मुंशी बनाया गया था । मैं ठेकेदार श्री सुधीर कुमार मानेक एवं ग्रामवासियों के दिशानिर्देश पर तेंदूपत्ता खरीदी का कार्य किया हूँ । मुझे समिति द्वारा नियुक्त नही किया गया था । मुझे ज्ञात हैं, कि सेन्चुरी क्षेत्र में कोई फड़ नही हैं ।मैंने 48 ग्रामीणों से 119650 गड्डी तेंदूपत्ता खरीदी किया था । जिसका संग्रहण पारिश्रमिक रू. 478600.00 होता हैं । ठेकेदार द्वारा मात्र रू. 178600.00 का ही भुगतान किया गया हैं । अभी भी रू. 300000.00 का भुगतान शेष हैं । ठेकेदार श्री सुधीर कुमार मानेक द्वारा श्री सोना फरसा, ग्राम आदवाड़ा को सेन्चुरी क्षेत्र के ग्रामो में तेंदूपत्ता खरीदी एवं अन्य कार्यों के निगरानी हेतु रखा गया था । पैसों का भुगतान भी सोना फरसा करते थे । सोना फरसा के द्वारा मुझे रू.178600.00 प्राप्त हुये थे । मैंने एक दो बार सोना फरसा से भुगतान हेतु कहा गया किन्तु उन्होंने कहा ठेकेदार देगा तो दुगा कहकर बाकी राशि नही दिया । ग्रामीणों का अभी भी रू. 3,00,000.00 का भुगतान शेष हैं । कृपया भुगतान दिलाने का कष्ट करें ।

**(20)श्री जगमन यादव पिता लोकनाथ, निवासी बरदेला का बयान हैं, कि-**

वाहन मालिक (ट्रैक्टर) नया तेंदूपत्ता सीजन 2022 में सेन्चुरी क्षेत्र ग्राम जारामोंगिया से तेंदूपत्ता बोरा परिवहन के लिए ठेकेदार सुधीर कुमार मानेक के साथ बैठकर अलग-अलग ग्रामों से

सत्यापित प्रति

उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

तेंदूपत्ता बोरा परिवहन के लिये दर तय किये थे । जिसमें से तेंदूपत्ता बोरा परिवहन करने वाले सभी ट्रैक्टर मालिक उपस्थित थे । मैंने अपने ट्रैक्टर से नीचे दर्शाये अनुसार तेंदूपत्ता बोरा परिवहन ग्राम जारामोंगिया से किया हैं ।

1. जारामोंगिया - 100 बोरा @ 511 = 51100.00

कुल राशि = 51100.00

ठेकेदार सुधीर कुमार मानेक के द्वारा तेंदूपत्ता बोरा परिवहन का रू. 51100.00 का भुगतान शेष हैं । मुझे यह स्पष्ट हैं, कि यह हमारे और ठेकेदार के बीच का मामला हैं, एवं परिवहन कि राशि हमें ठेकेदार से ही लेना हैं ।

**(21)श्री सुनील गावड़े पिता बुधराम गावड़े, निवासी डारमेर का बयान हैं, कि-**

मुझे ग्रामवासियों द्वारा तेंदूपत्ता सीजन 2022 हेतु ग्राम डारमेर में तेंदूपत्ता खरीदी करने मुंशी बनाया गया था मैंने ठेकेदार श्री सुधीर कुमार मानेक एवं ग्रामवासियों के दिशा निर्देश पर तेंदूपत्ता खरीदी का कार्य किया हैं । मुझे ज्ञात हैं, कि अभ्यारण क्षेत्र में कोई फड़ नही हैं । ठेकेदार सुधीर कुमार द्वारा हमें रू. 148000.0 का चेक दिया गया, जिसका विवरण निम्न हैं :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | मुंशी कमीशन राशि | डालेर | 14500.00 |
| 2 | मुंशी कमीशन राशि | डारमेर | 14500.00 |
| 3 | वाचर कमीशन राशि | डालेर | 12500.00 |
| 4 | वाचर कमीशन | डारमेर | 12500.00 |
| 5 | उल्टाई पल्टाई राशि | डालेर | 9645.00 |
| 6 | उल्टाई पल्टाई राशि | डारमेर | 4895.00 |
| 7 | चकरी राशि | डालेर | 9645.00 |
| 8 | चकरी राशि | डारमेर | 4895.00 |
| 9 | जमीन टैक्स राशि | डालेर | 8000.00 |
| 10 | जमीन टैक्स राशि | डारमेर | 8000.00 |
| 11 | बोराभर्ती राशि | डालेर | 28935.00 |
| 12 | बोराभर्ती राशि | डारमेर | 14600.00 |
| | **कुल योग** | | 142615.00 |

ठेकेदार ने फोन पेय के माध्यम से मुझे रू. 73000.00 का भुगतान किया था । अभी भी रू. 75000.00 का भुगतान शेष हैं कृपया भुगतान दिलाने का कष्ट करें । ।

**(22)श्री मोहनीश देवांगन, प्रबंधक प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति भैरमगढ़ का बयान हैं, कि -**

मैं प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित भैरमगढ़ का प्रबंधक हूँ । तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2022 में लॉट क्रमांक 64ब के केता श्री सुधीर कुमार मानेक थे । तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2022 में लॉट क्रमांक 64ब का अधिसूचित फड़ों की संख्या निम्नानुसार 11 हैं । जिसकी अधिसूचित संग्रहण मात्रा 1300.000 मानक बोरा हैं जिसके विरूद्ध 3521.180 मानक बोरा का संग्रहण केता श्री सुधीर कुमार मानेक के द्वारा किया गया था । जिसका फड़ों में संग्रहण कर परिदान दिया गया था ।

सत्यापित प्रति

उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

जिसका समिति स्तर पर कोई भी भुगतान शेष नही हैं ।अभ्यारण क्षेत्र में तेंदूपत्ता खरीदी की जानकारी मुझे नही थी । लॉट क्रमांक 64ब भैरमगढ़ का फड़वार संग्रहण की जानकारी निम्नानुसार हैं।

| क्रं. | अधिसूचित फड़ो का नाम | संग्रहण लक्ष्य (मा.बो.) | क्रेता को परिदत्त मात्रा | दर | भुगतान राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतवा | 180 | 235.850 | 4000 | 943400.00 |
| 2 | चिनगेर | 100 | 215.500 | 4000 | 862000.00 |
| 3 | धरमा | 100 | 364.900 | 4000 | 1459600.00 |
| 4 | बांगोली | 150 | 286.850 | 4000 | 1147400.00 |
| 5 | मरकापाल | 150 | 199.450 | 4000 | 797800.00 |
| 6 | ताकीलोड़ | 170 | 410.760 | 4000 | 1643040.00 |
| 7 | बेलनार | 90 | 534.420 | 4000 | 2137680.00 |
| 8 | पोनाडवाया | 90 | 277.490 | 4000 | 1109960.00 |
| 9 | कारकावाड़ा | 60 | 368.810 | 4000 | 1475240.00 |
| 10 | बैल | 100 | 322.650 | 4000 | 1290600.00 |
| 11 | बोडगा | 60 | 304.500 | 4000 | 1218000.00 |
| | **कुल योग** | **1300** | **3521.180** | | **1,40,84,720.00** |

वर्ष 2023 में मार्च माह में नेलसनार में ग्रामीणों के द्वारा राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर चक्का जाम किया गया था । जिसमें वाहन मालिकों (ट्रैक्टर) का तेंदूपत्ता परिवहन राशि का भुगतान ठेकेदार श्री सुधीर कुमार मानेक द्वारा नही किया गया हैं, यह जानकारी प्राप्त हुई एवं परिवहन के ऐवज में वाहन मालिकों को क्रेता श्री सुधीर कुमार मानेक द्वारा चेक का वितरण किया गया इस बारे में पता चला । वाहन मालिकों द्वारा जब चेंक को बैंक में नगदीकरण हेतु जमा किया गया तब क्रेता के खाते में राशि नही होने के कारण चेक बाउन्स हो गया । जानकारी प्राप्त हुई की ट्रैक्टर मालिक चेक बाउन्स होने के कारण श्री सुधीर कुमार मानेक के विरूद्ध कार्यवाही हेतु पुलिस थाना भैरमगढ़ में शिकायत दर्ज करने गये थे थाना में उन्हें न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने कहा गया था । नेलसनार में धरना के दौरान क्रेता से एक माह में भुगतान कर देने का आश्वासन दिये जाने के उपरान्त भी भुगतान नही करने के कारण ग्रामीणों द्वारा वनमण्डल कार्यालय का घेराव किया गया । घेराव में अभ्यारण क्षेत्र के गांव के अन्य ग्रामीणों से जानकारी मिली की अभ्यारण क्षेत्र के ग्रामीणों को तेंदूपत्ता तोड़ाई का भी पैसा नही मिला हैं । इसके पूर्व मुझे कोई जानकारी नही थी ।

चुंकि अभ्यारण क्षेत्र में समिति का कोई भी अधिसूचित फड़ नही हैं । धरना के पूर्व किसी भी ग्रामीण ने मुझसे भुगतान नही होने की जानकारी नही दी थी । लॉट क्रमांक 64ब भैरमगढ़ के अधिसूचित 11 फड़ों में संग्रहण का पूर्ण भुगतान हो चुका हैं ।

**(23)श्री पोट्टम गणपत, पोषक अधिकारी (सीजन 2022), प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति भैरमगढ़ का बयान हैं, कि -**

मैं प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित भैरमगढ़ का पोषक अधिकारी हूँ । तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2022 में लॉट क्रमांक 64ब के क्रेता श्री सुधीर कुमार मानेक थे । तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2022 में लॉट क्रमांक 64ब का अधिसूचित फड़ों की संख्या 11 हैं । जिसकी अधिसूचित संग्रहण

सत्यापित प्रति

उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

मात्रा 1300.000 मानक बोरा हैं जिसके विरूद्व 3521.180 मानक बोरा का संग्रहण केता श्री सुधीर कुमार मानेक के द्वारा किया गया था । जिसका कोई भी भुगतान शेष नही हैं जिसका फड़ों में संग्रहण कर परिदान दिया गया था । जिसका समिति स्तर पर कोई भी भुगतान शेष नही हैं । अभ्यारण क्षेत्र में तेदूपत्ता खरीदी की जानकारी मुझे नही थी ।

| क्रं. | अधिसूचित फड़ो का नाम | संग्रहण लक्ष्य (मा.बो.) | केता को परिदत्त मात्रा | दर | भुगतान राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतवा | 180 | 235.850 | 4000 | 943400.00 |
| 2 | चिनगेर | 100 | 215.500 | 4000 | 862000.00 |
| 3 | धरमा | 100 | 364.900 | 4000 | 1459600.00 |
| 4 | बांगोली | 150 | 286.850 | 4000 | 1147400.00 |
| 5 | मरकापाल | 150 | 199.450 | 4000 | 797800.00 |
| 6 | ताकीलोड़ | 170 | 410.760 | 4000 | 1643040.00 |
| 7 | बेलनार | 90 | 534.420 | 4000 | 2137680.00 |
| 8 | पोनाडवाया | 90 | 277.490 | 4000 | 1109960.00 |
| 9 | कारकावाड़ा | 60 | 368.810 | 4000 | 1475240.00 |
| 10 | बैल | 100 | 322.650 | 4000 | 1290600.00 |
| 11 | बोडगा | 60 | 304.500 | 4000 | 1218000.00 |
| | **कुल योग** | **1300** | **3521.180** | | **1,40,84,720.00** |

वर्ष 2023 में मार्च माह में नेलसनार में ग्रामीणों के द्वारा राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर चक्का जाम किया गया था । जिसमें वाहन मालिकों (ट्रैक्टर) का तेंदूपत्ता परिवहन राशि का भुगतान ठेकेदार श्री सुधीर कुमार मानेक द्वारा नही किया गया हैं, यह जानकारी प्राप्त हुई एवं परिवहन के ऐवज में वाहन मालिकों को केता श्री सुधीर कुमार मानेक द्वारा चेक का वितरण किया गया इसके बारे में पता चला । वाहन मालिकों द्वारा जब चेंक को बैंक में नगदीकरण हेतु जमा किया गया तब केता के खाते में राशि नही होने के कारण चेक बाउन्स हो गया । जानकारी प्राप्त हुई की ट्रैक्टर मालिक चेक बाउन्स होने के कारण श्री सुधीर कुमार मानेक के विरूद्व कार्यवाही हेतु पुलिस थाना भैरमगढ़ में शिकायत दर्ज करने गये थे थाना में उन्हें न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने कहा गया था । नेलसनार में धरना के दौरान केता से एक माह में भुगतान कर देने का आश्वासन दिये जाने के उपरान्त भी भुगतान नही करने के कारण ग्रामीणों द्वारा वनमण्डल कार्यालय का घेराव किया गया । घेराव में अभ्यारण क्षेत्र के गांव के अन्य ग्रामीणों से जानकारी मिली की अभ्यारण क्षेत्र के ग्रामीणों को तेंदूपत्ता तोड़ाई का भी पैसा नही मिला हैं । इसके पूर्व मुझे कोई जानकारी नही थी । चुंकि अभ्यारण क्षेत्र में समिति का कोई भी अधिसूचित फड़ नही हैं । धरना के पूर्व किसी भी ग्रामीण ने मुझसे भुगतान नही होने की जानकारी नही दी थी । लॉट क्रमांक 64ब भैरमगढ़ के अधिसूचित 11 फड़ों में संग्रहण का पूर्ण भुगतान हो चुका हैं ।

लॉट क्रमांक 64ब भैरमगढ़ के 11 फड़ों के तेंदूपत्ता भण्डारण हेतु अस्थाई गोदाम

सत्यापित प्रति

उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

फुण्डरी था । जिसमें कुल 7348 वास्तविक बोरा= 3521.180 मानक बोरा का भण्डारण हुआ था । मेरे द्वारा टी.पी. क्रमांक A 198 । से 20 एवं 22 द्वारा कुल 7348 वा.बोरा= 3521.180 मानक बोरा का टी.पी. जारी किया गया हैं । इसके अतिरिक्त मेरे द्वारा कोई टी.पी. जारी नही किया गया हैं ।

**(24)श्री योगेश कुमार रात्रे,जोनल अधिकारी (सीजन 2022), प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति भैरमगढ़ का बयान हैं, कि -**

लघु वनोपज सहकारी समिति भैरमगढ़ के लॉट क्रमांक 64ब भैरमगढ़ में तेंदूपत्ता सीजन 2022 हेतु श्री सुधीर कुमार मानेक, निवासी राजनादगांव अधिकृत क्रेता नियुक्त हुये थे । उक्त सीजन में लॉट क्रमांक 64ब भैरमगढ़ के अधिसूचित समस्त 11 फड़ों में संग्राहकों द्वारा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया था । उक्त अधिसूचित 11 फड़ों में कुल 7348 वास्तविक बोरा= 3521.180 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण हुआ था । जिसके एवज में संग्राहकों को उचित माध्यम द्वारा संग्रहण राशि का भुगतान पूर्ण किया जा चुका था एवं वर्तमान में किसी प्रकार का भुगतान शेष नही हैं ।

तेंदूपत्ता सीजन 2022 के लगभग 1 वर्ष बाद सन् 2023 के ग्रीष्मकाल में तेंदूपत्ता सीजन 2023 के पूर्व एक राजनीतिक पार्टी द्वारा ग्राम नेलसनार में कुछ ग्रामीणों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग NH 63 में चक्काजाम कर ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था जिसमें कुछ ग्रामीणों का तेंदूपत्ता परिवहन (फड़ से अस्थाई गोदाम तक) की राशि का भुगतान क्रेता श्री सुधीर मानेक द्वारा नही किया जाना दर्शित था । जिसकी सूचना तत् समय उच्च कार्यालय को दिया गया था । क्रेता द्वारा उक्त परिवहन राशि का भुगतान नही किये जाने पर लगभग एक माह बाद उपरोक्त दर्शित राजनीतिक पार्टी विशेष द्वारा ग्रामीणों को एकत्रित कर वनमण्डल कार्यालय बीजापुर का घेराव किया गया । जहॉं यह बात पता चला कि कुछ ग्रामीणों द्वारा भैरमगढ़ अभ्यारण क्षेत्र में कथित तौर पर तेंदूपत्ता की तोड़ाई की गई थी । जिसका भुगतान भी शेष हैं एवं उक्त अभ्यारण क्षेत्र तेंदूपत्ता सीजन 2022 में कथित तेंदूपत्ता तोड़ाई की जानकारी मुझे नही हैं । अभ्यारण क्षेत्र में मेरी जानकारी एवं अधिसूचना अनुसार कोई भी फड़ संचालित नही हैं ।

तेंदूपत्ता सीजन 2022 में अधिसूचित फड़ों में ही तेंदूपत्ता का संग्रहण हुआ था जिसे परिवहन कर ग्राम फुण्डरी में स्थित अस्थाई गोदाम लाकर रखा गया था । अस्थाई गोदाम में संग्रहित तेंदूपत्ता की मात्रा 7348 वास्तविक बोरा= 3521.180 मानक बोरा थी । जिसका परिवहन अनुज्ञा पत्र संबंधित पोषक अधिकारी श्री गणपत पोट्टाम, वनपाल द्वारा जारी किया गया था ।

उपरोक्तानुसार संग्राहकों, फड़मुंशियों, प्रबंधक, नोडल अधिकारी एवं जोनल अधिकारी के बयानों से निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि श्री सुधीर कुमार मानेक, अग्रिम क्रेता लॉट क्रमांक 64ब भैरमगढ़, तेंदूपत्ता सीजन 2022 द्वारा अवैधानिक रूप से अभ्यारण क्षेत्र में ग्रामीणों से मिलिभगत कर तेंदूपत्ता का संग्रहण कराया था ।

प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति भैरमगढ़ में निम्नानुसार अधिसूचित फड़ हैं ।

| क्रं. | अधिसूचित फड़ो का नाम | संग्रहण लक्ष्य (मा.बो.) | संग्रहित मात्रा (मा.बो.) | परिवहन मात्रा (मा.बो.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सतवा | 180 | 235.850 | 235.850 |
| 2 | चिनगेर | 100 | 215.500 | 215.500 |
| 3 | धरमा | 100 | 364.900 | 364.900 |
| 4 | बांगोली | 150 | 286.850 | 286.850 |
| 5 | मरकापाल | 150 | 199.450 | 199.450 |

सत्यापित प्रति

उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | ताकीलोड़ | 170 | 410.760 | 410.760 |
| 7 | बेलनार | 90 | 534.420 | 534.420 |
| 8 | पोनाडवाया | 90 | 277.490 | 277.490 |
| 9 | कारकावाड़ा | 60 | 368.810 | 368.810 |
| 10 | बैल | 100 | 322.650 | 322.650 |
| 11 | बोडगा | 60 | 304.500 | 304.500 |
| | **कुल योग** | **1300** | **3521.180** | **3521.180** |

उपरोक्तानुसार समिति के अधिसूचित फड़ों में निर्धारित लक्ष्य 1300.000 मानक बोरा के विरूद्व 3521.180 मानक बोरा का संग्रहण कर परिवहन किया गया । समिति द्वारा संग्रहित मात्रा 3521.180 मानक बोरा की संग्रहण पारिश्रमिक राशि रू.1,40,84,720.00 का संपूर्ण भुगतान हो चुका हैं । किसी भी फड़ से संग्रहण पारिश्रमिक भुगतान शेष रहने की शिकायत नही हैं । पोषक अधिकारी के बयान अनुसार लॉट क्रमांक 64ब भैरमगढ़ के 11 अधिसूचित फड़ों में संग्रहित मात्रा 7348 वास्तविक बोरा= 3521.180 मानक बोरा का भण्डारण अस्थाई गोदाम फुण्डरी में किया गया था । उनके द्वारा अस्थाई गोदाम में भण्डारित उपरोक्त मात्रा का ही परिवहन अनुज्ञा पत्र जारी किया गया । जिसकी पुष्टि जोनल अधिकारी ने अपने बयान में किया हैं ।

तेंदूपत्ता संग्रहण उपरान्त परिदान पूर्ण होने पर उपचारण, बोराभर्ती, परिवहन, भण्डारण अग्रिम नियुक्त क्रेता द्वारा किया जाता हैं एवं इसके भुगतान की जिम्मेदारी क्रेता की होती हैं । शिकायत की जांच में पाया गया कि श्री सुधीर कुमार मानक अग्रिम क्रेता लॉट क्रमांक 64ब भैरमगढ़, सीजन 2022 ने ट्रैक्टर मालिकों को तेंदूपत्ता बोरा परिवहन की राशि का चेक दिया था । ट्रैक्टर मालिक बैंक में चेक की राशि प्राप्त करने गऐ तो ज्ञात हुआ कि क्रेता श्री सुधीर कुमार मानक के खाता में राशि ही नही थी । जिसकी वजह से ट्रैक्टर मालिकों को आज तक तेंदूपत्ता बोरा परिवहन की राशि का भुगतान नही हो पाया हैं।

अभ्यारण क्षेत्र में निम्नानुसार ट्रैक्टर मालिकों का भुगतान शेष होना पाया गया ।

| क्र. | ट्रैक्टर मालिक का नाम | परिवहन की राशि | भुगतान राशि | शेष राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुन्नुलाल पिता स्व. बुगुर लेकाम, ग्राम ओड़सा | 52380.00 | 0.00 | 52380.00 |
| 2 | हेमलाल यादव पिता वीरसिंग ग्राम आदवाड़ा | 236736.00 | 105000.00 | 131736.00 |
| 3 | सुखनाथ नेगी पिता बोडडाराम ग्राम गुड़साकल | 209650.00 | 0.00 | 209650.00 |
| 4 | अनिल कुमार वेको पिता स्व. पायकू, ग्राम डालेर | 72800.00 | 0.00 | 72800.00 |
| 5 | बोज्जूराम वेंजाम पिता स्व. मासो ग्राम टिण्डोडी | 83000.00 | 0.00 | 83000.00 |
| 6 | जगमन यादव पिता लोकनाथ ग्राम बरदेला | 51100.00 | 0.00 | 51100.00 |
| | **योग** | **705666.00** | **105000.00** | **600666.00** |

सत्यापित प्रति

उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

ट्रैक्टर मालिकों द्वारा क्रेता द्वारा दिया गया चेक बाउंस होने पर श्री सुधीर मानेक के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराने पुलिस थाना भैरमगढ़ जाने पर भी उन्हें कोई राहत नही मिली । भुगतान नही होने के कारण किसी पार्टी विशेष द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग में धरना-प्रदर्शन किया गया । प्रबंधक, नोडल, जोनल के बयान अनुसार इसके पूर्व किसी भी ट्रैक्टर मालिक ने विभागीय अधिकारियों को एक वर्ष तक भुगतान नही होने की सूचना ही नहीं दी थी । धरना उपरान्त भी क्रेता द्वारा ट्रैक्टर मालिकों को भुगतान नही करने पर बाद दुबारा पार्टी विशेष द्वारा वनमण्डल कार्यालय बीजापुर का घेराव किया गया । इसमें अभ्यारण क्षेत्र में तेंदूपत्ता तोड़ने वाले ग्रामीणों ने शिकायत किया कि उन्हें तेंदूपत्ता तोड़ाई का पैसा नही मिला हैं ।

ग्रामीणों से लिए गए बयान के अनुसार अभ्यारण क्षेत्र में तेंदूपत्ता खरीदी हेतु श्री सुधीर कुमार मानेक एवं ग्रामीणों ने अनाधिकृत रूप से मुंशियों की नियुक्ति किया । ग्रामों का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| क्रं. | ग्राम का नाम |
|---|---|
| 1 | जारामोगिया |
| 2 | इदेर |
| 3 | टिण्डोडी |
| 4 | दारमेर |
| 5 | बिरियाभूमि |
| 6 | हिंगुम |
| 7 | डालेर |
| 8 | आदवाड़ा |

उपरोक्त सभी स्थल भैरमगढ़ अभ्यारण के अंतर्गत स्थित हैं । क्रेता द्वारा उक्त ग्रामों में निम्नानुसार तेंदूपत्ता संग्रहण कराया जाना पाया गया ।

| क्रं. | ग्राम का नाम | संग्रहित मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | जारामोगिया | 282.400 |
| 2 | टिण्डोडी | 323.430 |
| 3 | दारमेर | 97.790 |
| 4 | बिरियाभूमि | 122.120 |
| 5 | डालेर | 192.900 |
| 6 | इदेर | 119.650 |
| 7 | हिंगुम | 172.260 |
| 8 | आदवाड़ा | 165.810 |
| | **योग** | **1476.360** |

उपरोक्त ग्रामों में तेंदूपत्ता खरीदी एवं भुगतान की निगरानी हेतु श्री सोना फरसा, निवासी आदवाड़ा को रखा गया था । क्रेता श्री सुधीर कुमार मानेक, श्री सोना फरसा के माध्यम से भुगतान की कार्यवाही करते थे । यह जानकारी प्राप्त हुई । ग्रामीणों द्वारा नियुक्त मुंशियों के बयान से निम्नानुसार तेंदूपत्ता संग्रहण का भुगतान शेष होना पाया गया ।

सत्यापित प्रति

उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

| क्रं. | ग्राम का नाम | संग्रहित मात्रा | संग्रहण पारिश्रमिक | भुगतान की गई राशि | भुगतान हेतु शेष राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जारामोगिया | 282.400 | 1129600.00 | 150000.00 | 979600.00 |
| 2 | टिण्डोडी | 323.430 | 1293720.00 | 93720.00 | 1200000.00 |
| 3 | दारमेर | 97.790 | 391160.00 | 91160.00 | 300000.00 |
| 4 | बिरियाभूमि | 122.120 | 488480.00 | 88480.00 | 400000.00 |
| 5 | डालेर | 192.900 | 771600.00 | 71600.00 | 700000.00 |
| 6 | इदेर | 119.650 | 478600.00 | 178600.00 | 300000.00 |
| 7 | हिंगुम | 172.260 | 689040.00 | 89040.00 | 600000.00 |
| 8 | आदवाड़ा | 165.810 | 663240.00 | 663240.00 | 0.000 |
| | **योग** | **1476.36** | **5905440.00** | **1425840.00** | **4479600.00** |

जांच में पाया गया कि श्री सुधीर कुमार मानेक, अग्रिम क्रेता तेंदूपत्ता लॉट क्रमांक 64ब भैरमगढ़ ने ग्रामीणों से मिलकर अभ्यारण क्षेत्र में तेंदूपत्ता 1476.360 मानक बोरा संग्रहण कराया हैं। जिसमे ग्रामीणों की भी सहमति थी। श्री सुधीर कुमार मानेक द्वारा 8 ग्रामों में से 01 ग्राम आदवाड़ा का पूर्ण भुगतान किया गया हैं। ग्राम डालेर में उल्टाई-पल्टाई का रू 84325.00 एवं ग्राम डारमेर में अन्य व्यय का रू. 75000.00 भुगतान शेष होना पाया गया।

| क्रं. | ग्राम का नाम | अन्य व्यय की शेष राशि |
|---|---|---|
| 1 | डालेर | 84325.00 |
| 2 | डारमेर | 75000.00 |
| | **योग** | **159325.00** |

इस प्रकार ग्राम के ट्रैक्टर मालिकों एवं मुंशियों के बयान से 7 ग्रामों में निम्नानुसार कार्यों का भुगतान शेष होना पाया गया।

| क्रं. | विवरण | भुगतान हेतु शेष राशि |
|---|---|---|
| 1 | तेंदूपत्ता बोरा परिवहन | 600666.00 |
| 2 | संग्रहण पारिश्रमिक | 4479600.00 |
| 3 | उल्टाई पल्टाई एवं अन्य व्यय | 159325.00 |
| | **योग** | **52,39,591.00** |

अभ्यारण क्षेत्र में समिति का कोई अधिसूचित फड़ नही हैं। ग्रामीणों को यह ज्ञात हैं, कि अभ्यारण क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण प्रतिबंधित हैं तथा संग्रहित तेंदूपत्ता का भुगतान क्रेता से ही प्राप्त होगा। इसी कारण 01 वर्ष बीतने उपरान्त भी ग्रामीणों द्वारा भुगतान नही होने की जानकारी विभाग को नही दी गई। श्री सुधीर कुमार मानेक क्रेता द्वारा अवैधानिक रूप से अभ्यारण क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण करना एवं ट्रैक्टर मालिकों को झूठा चेक प्रदान करना तथा ग्रामीणों को तेंदूपत्ता तोड़ाई एवं परिवहन का का पैसा आज तक भुगतान नही करने की शिकायत सही पाई गई।

अभ्यारण में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा उचित निगरानी नही करने के कारण श्री सुधीर कुमार मानेक, क्रेता द्वारा अभ्यारण क्षेत्र के ग्रामों में अवैध रूप से तेंदूपत्ता संग्रहण किया गया।

सत्यापित प्रति

उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

लाट क्र. 64 (ब) भैरमगढ़ के जोनल अधिकारी पोषक अधिकारी प्रबंधक फड़ अभिरक्षकों के द्वारा उनके दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतनें के फलस्वरूप ~~से ही~~ ऐसी स्थिति निर्मित होना परिलक्षित हो रहा है ।

केता श्री सुधीर कुमार मानेक, राजनादगांव को दिनांक 21.08.2023 को जिला यूनियन कार्यालय बीजापुर में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने सूचना प्रेषित की गई थी । किन्तु दिनांक 21.08.2023 के जिला यूनियन कार्यालय में बीजापुर उपस्थित नहीं हुये और न ही किसी अन्य माध्यम से उन्होनें अपना पक्ष प्रस्तुत किया गया ।

अतः शिकायतकर्ताओं के बयानों के आधार पर जांच प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है ।

22/08/23

जांच अधिकारी
उप प्रवंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या. बीजापुर

सत्यापित प्रति

उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

## बयान

मैं सुकलु राम फरसा पिता हिरिया उम्र -45 वर्ष
निवासी - आरवाड़ा, वर्तमान पता कोहरापारा, भैरमगढ़
आज दिनांक 06/08/2023 को भैरमगढ़ में उप प्रबंध
संचालक, जि. यू. बीजापुर के समक्ष उपस्थित होकर सच-
सच बयान देता हूं कि सीजन 2022 में मैंने आरवाड़ा
गांव में 3000 गड्डी तेंदूपत्ता बेचा था। क्रेता श्री सुधीर
कुमार मानेक हमारे गांव आदवाड़ा आये थे और
गांव में बैठक किये थे। बैठक में समस्त पुरुष एवं महिला
उपस्थित थे। बैठक के दौरान तेंदूपत्ता खरीदी का दर एवं
ग्रामवासियों की सहमति से फड़ मुंशी की नियुक्ति क्रेता के
द्वारा की गई। क्रेता द्वारा मनीष वेको को फड़ मुंशी बनाया
गया। हमें ज्ञात है कि सेन्चुरी क्षेत्र में कोई शासकीय
फड़ नहीं है एवं सेन्चुरी क्षेत्र में पत्ता तोड़ना प्रतिबंधित है।
हमने ठेकेदार के कहने पर तेंदूपत्ता तोड़ाई कर विक्रय
किया है। संग्रहण का भुगतान ठेकेदार को करना था ~~किन्तु~~
ठेकेदार द्वारा मुझे संग्रहण का पूर्ण भुगतान कर दिया गया
है। आदवाड़ा गांव में संग्रहण का पूर्ण भुगतान हो गया है किन्तु
आस-पास के गांवों में संग्रहण का पूर्ण भुगतान नहीं हुआ है।
फड़ मुंशी नियुक्ति, तेंदूपत्ता खरीदी के दौरान समिति प्रबंधक
नोडल अधिकारी कोई शामिल नहीं थे। क्रेता के कहने पर
ही हमने तेंदूपत्ता तोड़ाई किया है। अत: शेष गांवों में
संग्राहकों को बचा हुआ राशि दिलाने का कष्ट करें।

यही बयान दर्ज कराया। पढ़कर-सुनकर हस्ताक्षर
किया।

Recorded by me.
[signature]
06/08/23
Dy MD

गवाह

(I) जगरानी मंडवी - [signature]
(II) धनपत पोरटक - [signature]
नोडल अधिकारी
(III) मोहनीश देवांगन - Mohnish

[signature]

सत्यापित प्रति

[signature]
उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या. बीजापुर (छ.ग.)

बयान

मैं बोड्जूराम बेंजाम S/o स्व. मासो उम्र - 40वर्ष
निवासी - ग्राम टिण्डोड़ी, सच-सच बयान देता हूँ कि तेन्दुपत्ता सीजन 2022 में मैंने फड़ टिण्डोड़ी में क्रेता श्री सुधीर कुमार मानेक का तेन्दुपत्ता बोरा 461 नग परिवहन किया था। क्रेता द्वारा रू 180/- प्रति मानक बोरा का दर तय किया गया था। मेरे द्वारा परिवहन किये गए 461 नग० बोरा का कुल रू० 83,000/- भुगतान होता है। श्री सुधीर कुमार मानेक द्वारा मुझे चेक क्र० दिनांक रू० 83,000/- का चेक दिया गया था। मैं तीन-चार बार बैंक जाकर चेक की राशि प्राप्त करने प्रयास किया। किन्तु संबंधित के खाता में राशि नही होने के कारण आज दिनांक तक चेक का नगदीकरण नही हो पाया। अंत में मैंने थाना - भैरमगढ़ में क्रेता के विरूद्ध कार्यवाही करने आवेदन प्रस्तुत किया है। क्रेता के साथ तेन्दुपत्ता बोरा परिवहन का दर तय किया गया था जिससे सहमत होकर मैंने परिवहन किया है। मुझे ज्ञात है कि परिवहन की राशि ठेकेदार ही भुगतान करेगा।
कृपया परिवहन की राशि 83,000/- का भुगतान दिलाने का कष्ट करें।

यही मेरा बयान है, पढ़कर समझकर हस्ताक्षर किया।

गवाह

(I) टिंकू बेंजाम - [signature]
(II) गनपत पोटम [signature]
पोषक अधिकारी
(III) मोहनीश रेवागन —Mohnish
प्रबंधक

बोड्जूराम
बोड्जूराम बेंजाम

Recorded before me.
[signature]
06/08/23
Dy MD

सत्यापित प्रति

[signature]
उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या. बीजापुर (छ.ग.)

## बयान



मैं भोगंडु मण्डावी पिता स्व. पायको उम्र-60वर्ष निवासी- रिण्डोड़ी का निवासी हूं। आज दिनांक 06/08/2023 को उप प्रबंध संचालक, जि० यू० बीजापुर के समक्ष उपस्थित होकर सच-सच बयान देता हूं कि सीजन 2022 मे ग्राम रिण्डोड़ी मे ठेकेदार एवं ग्रामवासियों द्वारा ग्राम-रिण्डोड़ी मे तेंदूपत्ता खरीदी करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों द्वारा इस कार्य हेतु मुंशी भी नियुक्त किया गया। मुझे ज्ञात है कि ग्राम- रिण्डोड़ी में शासकीय फड़ नही है तथा सेन्चुरी क्षेत्र में पत्ता तोड़ाई प्रतिबंधित है। ग्रामवासियों के निर्णय अनुसार अन्य ग्रामीण पत्ता संग्रहण कर रहे थे अतः मैंने भी 2500 गड्डी संग्रहण कर मुंशी को दिया था। जिसका पारिश्रमिक 10,000/- रुपये होता है किन्तु ठेकेदार द्वारा आज तक रू 10,000/- का भुगतान नहीं किया गया है। मैंने सोना फरसा से भुगतान हेतु चर्चा किया। खाता मे पैसा आने पर दूंगा सोना फरसा ने कहा। ठेकेदार पहले थोड़ा-थोड़ा पैसा डालता था किन्तु रैली-धरना होने के बाद ठेकेदार सोना फरसा के खाता मे पैसा डालना बंद कर दिया। कृपया भुगतान दिलाने का कष्ट करें।

Recorded by me.
(signature)
06/08/23
DY MD

गवाह
(I) दुकलू फरसा - (signature)
(II) गनपत पोट्टम - (signature)
(III) मोहनीश देवांगन - (signature)

भोगड्डूराम
भोगंडु मण्डावी

सत्यापित प्रति

(signature)
उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

# बयान

मैं जगरा मण्डावी पिता/श्री स्व० गुड्डी मण्डावी फड़ मुंशी का कार्य ग्राम - आदवाड़ा में किया हूँ। आज दिनांक 06-08-2023 को भैरमगढ़ में उप प्रबंधक संचालक जि. यू. बीजापुर के समक्ष उपस्थित होकर सच - सच बयान देता हूँ कि सीजन 2022 में ठेकेदार सुधीर कुमार मलिक द्वारा 165810=00 गड्डी का संग्रहण ग्राम - आदवाड़ा में किया गया था। जिसका भुगतान सोना फरसा से लेकर मेरे द्वारा पूर्ण भुगतान किया गया है।

यही मेरा बयान है; पढ़कर समझकर हस्ताक्षर किया

जगरा
जगरा मण्डावी

गवाह

(I) महेश पैंगर - Mahesh
(II) गनपत पोड़ेम - [signature]
नोडल अधिकारी
(III) मोहनीश देवांगन - Mohnish

सत्यापित प्रति

Recorded before me.
[signature]
06/08/23
Dy MD

[signature]
उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

## बयान

मैं मनीष कुमार कुंजाम पिता पगनू कुंजाम उम्र 27 वर्ष निवासी डालेर आज दिनांक 06/8/2023 को उप प्रबंध संचालक जि० वू० बीजापुर के समक्ष उपस्थित होकर सच सच बयान कि मुझे ठेकेदार एवं ग्राम वासियो द्वारा सीजन 2022 में ग्राम डालेर में तेंदुपत्ता फड का वाचर बनाया था ? मैं ठेकेदार श्री० सुधीर कुमार मानेक के दिशा निर्देश में तेंदूपत्ता फाड का वाचर का कार्य किया हूँ ?. मुझे ज्ञात है कि सेन्दुरी क्षेत्र में कोई फाड नही है ?. और तेंदूपत्ता तोडाई प्रति बाधित है ?. ठेकेदार ने सोना फरसा को तेंदुपत्ता खरीदी करने का निगरानी में रखा था ?.

कृपया मुझे तेंदुपत्ता फड वाचर का भुगतान दिलाने का कष्ट करें ?

यही मेरा बयान

गवाह

(1) तुलसी राम मोडवी — तुलसीराम

(2) वनपाल पोइय पोषक अधिकारी — [signature]

(3) मोहनीश देवान प्रबंधक — Mohnish

Manish k
मनीष कुमार कुंजाम
पगनू

सत्यापित प्रति

Recorded before me.
[signature]
06/08/23
Dy. MD

[signature]
उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या.बीजापुर (छ.ग.)

(20)

बयान

मैं महेश पेगर पिता अर्जुन पेगर उम्र - 17 वर्ष

निवासी - झारामोगिया का निवासी हूं। आज दिनांक 06/08/2023 को उप प्रबंध संचालक, जि०व०यू० बीजापुर के समक्ष उपस्थित होकर बयान देता हूं कि ग्राम वासी - ग्राम - झारामोगिया द्वारा मुझे सीजन 2022 में ग्राम - झारामोगिया में तेंदू पत्ता खरीदी करने मुंशी बनाया गया था। समिति द्वारा मुझे नियुक्त नहीं किया गया है। मुझे ज्ञात है कि सेन्चुरी क्षेत्र में कोई फड़ नहीं होता है। मैंने ठेकेदार एवं ग्रामवासियों के दिशा निर्देश पर तेन्दू पत्ता खरीदी किया है। मुझे यह भी ज्ञात था कि संग्रहण पारिश्रमिक का भुगतान ठेकेदार द्वारा ही किया जावेगा। ठेकेदार एवं ग्रामीणों द्वारा बैठक कर खरीदी दर एवं अन्य कार्यों हेतु दर तय किया गया था। मैंने कुल 286 ग्रामीणों से 2,82,400 गड्डी तेंदूपत्ता खरीदा था जिसका राशि रु० 11,29,600/- होता है ठेकेदार द्वारा अब तक कुल 1,50,000/- रुपये का भुगतान किया गया है अभी भी रु० 979600/- का भुगतान शेष है। ठेकेदार द्वारा श्री सोना फरसा, ग्राम - आडवाड़ा को सेन्चुरी क्षेत्र के ग्रामों में तेन्दू पत्ता खरीदी एवं अन्य कार्यों के निगरानी हेतु रखा गया था। पैसों का भुगतान श्री सोना फरसा करते थे अतः मैंने एक - दो बार सोना फरसा से भुगतान हेतु गया था किन्तु उन्होंने होगा तो दूंगा कहकर राशी नहीं दिया। ग्रामीणों का अभी भी 979600/- रुपये का भुगतान शेष है। कृपया भुगतान दिलाने का कष्ट करें। यही मेरा बयान

Recorded by me.
(हस्ताक्षर) 06/08/23
Dy MD

गवाह

(1) जगरा — जगरा

(2) गनपत पोटाम पोषक अधिकारी (हस्ताक्षर)

(3) मोहनीश देवांगन प्रबंधक — (हस्ताक्षर)

महेश पैगर

महेश पेगर
झारामोंगिया

सत्यापित प्रति

(हस्ताक्षर)
उप प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी
यूनियन मर्या. बीजापुर (छ.ग.)

बयान

